पुनरावर्तन 2

1. शब्दकोश में से शब्द के अर्थ खोजिए :

मंज़िल, चाम, निराला, तरुवर, इरादा, तराना, भस्म, सूप, चटकाय, उपाधि

2. (अ) प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) सभी धर्मों का सार क्या है ?

(2) साधु कैसा होना चाहिए ?

(3) विक्रम साराभाई ने विज्ञान के अलावा किन-किन क्षेत्रों में योगदान दिया ?

(4) गरीब की हाय के लिए कौन-सा उदाहरण दिया गया है ?

(ब) प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) हमारे देश की विशेषता क्या है ?

(2) तुलसीदास सबसे हिल-मिलकर रहने को क्यों कहते हैं ?

(3) विक्रम साराभाई के प्रयासों से अहमदाबाद में कौन-कौन सी संस्थाएँ प्रारंभ हुईं ?

(4) माला में कौन-कौन से फूल एक रूप हुए हैं ?

3. परिच्छेद में योग्य विराम चिह्न लगाइए :

इस पर जीर्णधन बोला अरे सत्यवादी सेठ यदि बाज तेरे लड़के को उठाकर नहीं ले जा सकता है तो मेरी हजार भार की तुला को चूहे कैसे खा सकते हैं अगर तू अपने बेटे को चाहता है तो पहले मुझे मेरा तराजू वापस कर दे

4. शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :

(1) नदी हम बैठे के थे किनारे।

(2) ऊपर हैं के पेड़ बंदर कितने ?

(3) वणिक रहता एक था किसी नगर में।

(4) दो इनका कर हुआ माल-सामान लूटा इन्हें वापस।

(5) दुनिया करती थी सारी इज्जत उनकी।

5. नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग परिवर्तन करके विधान फिर से लिखिए :

(1) आज शिक्षक निलेश से कुछ बात कर रहे थे।

(2) वह लेखक बनना चाहता है।

(3) नौकर आज बहुत ही देर से आया।

(4) नये डॉक्टर बहुत अच्छे हैं।

(5) लड़के क्रिकेट खेल रहे हैं।

मौखिक कसौटी

1. शिक्षक छात्रों से निम्नलिखित प्रश्नों के मौखिक उत्तर पूछेंगे :

(1) चिड़ियाँ कब खुशी के गीत गाती हैं ?
(2) सुबह होते ही क्या-क्या होता है ?
(3) कुत्ते को वफादार प्राणी क्यों कहा गया है ?
(4) सभी नदियाँ कब एक होती हैं ?
(5) साधु पुरुष कैसा होना चाहिए ? क्यों ?

2. शिक्षक छात्रों को निम्नलिखित कविताओं में से किसी एक कविता का गान करवाएँगे :

(1) तब याद तुम्हारी आती है। (2) हिन्द देश के निवासी

3. शिक्षक छात्रों को नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द कोष्ठक में से ढूँढ़कर उदाहरण के अनुसार वाक्य प्रयोग करवाएँगे :

(1) जल (2) सूरज (3) सुबह (4) खुशबू (5) खुशी (6) वन

प्रा	ऊ	ग	म	नी	आ
सु	तः	ज	पा	र	न
न	गं	का	ग	वि	द
		ध	ल	ल	

उदाहरण : जल – पानी(वाक्य : नर्मदा नदी में पानी का बहाव रहता है।)

4. निम्नलिखित शब्दपत्तों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :

(1)	सेवक	रविशंकर	हमारे	महाराज	मूक	थे।			
(2)	राजधानी	की	है।	गुजरात	गांधीनगर				
(3)	राष्ट्रीय	है।	पक्षी	और	प्राणी	हमारा	मोर	बाघ	राष्ट्रीय
(4)	2 अक्टूबर	गांधीजी का	1869 में	था।	जन्म	हुआ	पोरबंदर	में	

5. अमित को बिजली का करंट लग जाने पर उसे अस्पताल में ले जाया गया। ऐसी घटना दुबारा न घटे इसके लिए आप अपने सुझाव दीजिए।

क्रियात्मक कसौटी

1. निम्नलिखित शब्द कार्ड के शब्दों के लिंग पहचान कर पुल्लिंग-स्त्रीलिंग शब्दों की जोड़ बनाइए :

राज़ा	ग्वाला	सेठ	बनजारा
सेठानी	बनजारिन	ग्वालिन	रानी

2. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ शब्दकोश में से ढूँढ़कर बताइए।

ढोना	सूद	पंथ	ढेरों	मोल

3. श्यामपट्ट के कोष्ठक में दिए शब्दों को उचित क्रम में रखकर वाक्य बनाइए।

मोर	जीवन	भारत	अखबार
जल	पढ़ना	है	देश
अच्छी	बात	ही	राष्ट्रीय
क्रिकेट वर्ल्डकप	हमारे	2011	पक्षी
वर्ल्ड चेम्पियन	देश	का	बना

4. निम्नलिखित शब्द-पत्तों को विरुद्धार्थी शब्दों की जोड़ में रखिए और वाक्य बनाइए :

सुबह	पालतू	दिन	रात	शाम
अंत	दोषी	भलाई	बुरा	नियमित
जंगली	अच्छा	कठिन	प्रारंभ	सरल
बुराई	अनियमित	निर्दोष	ज्यादा	कम

5. काव्यपंक्ति एवं भावार्थ आधारित पट्टियों की सही जोड़ मिलाकर पढ़िए :

कलियाँ दरवाज़े खोलकर दुनिया पर मुसकाती है।	जब ठंडी ठंडी हवा कहीं से मस्ती ढोकर लाती है
छम-छम बूँदें गिरती हैं और बिजली चमकती है।	ठंडी हवा अपने साथ मस्ती लाती है।
कलियाँ दरवाजे खोल-खोल जब दुनिया पर मुसकाती हैं।	जब छम-छम बूँदे गिरती हैं, बिजली चम-चम कर जाती है।

लिखित कसौटी

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(1) कौन-कौन सी नदियाँ सागर में मिलती हैं ?

(2) हरियाली कहाँ-कहाँ दिखाई देती है ?

(3) सेठ ने कुत्ते को क्यों मुक्त कर दिया ?

(4) माला में कौन-कौन से फूल एक रूप हैं ?

(5) साधु कैसा होना चाहिए ?

2 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए :

(1) चिड़ियाँ कब खुशी के गीत गाती हैं

(2) जल ही जीवन है

(3) नर्मदा तापी साबरमती महिसागर आदि गुजरात की बड़ी नदियाँ हैं

(4) वाह कितना सुन्दर दृश्य है

(5) सेठ बोले कुत्ते भाई जाओ तुम अपने मालिक लाखा बनजारा के पास तुम मुक्त हो

3. नीचे दिए शब्द के आधार पर पहेली बनाइए :

कागज, जीवन

4. मोबाइल का उपयोग जीवन में 'लाभदायी' है या 'हानिकारक'? क्यों ? अपने विचार लिखिए।

5. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को कोष्ठक में उचित स्थान पर रखिए :

(भारत, ईमानदारी, दूध, हिमालय, तेल, भीड़, नदी, पर्वत, नर्मदा, पेड़, बुराई, सेना, झुंड)

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	द्रव्यवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा	समूहवाचक संज्ञा